भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा एक को

उदयपुर, । श्री रथ समिति द्वारा आगामी 1 जुलाई को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दौरान यातायात एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कलक्टर ने समिति के सदस्यों से आयोजन की तैयारियों के संबंध में चर्चा करते हुए आयोजन के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की बात कही। वहीं पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम, यूआईटी, एवीवीएनएल एवं अन्य संबंधित विभागों को अपने-अपने विभागीय दायित्वों को निभाने के निर्देश देते हुए रथयात्रा के मार्ग में आने वाले अवरोधों को पूर्ण रूप से हटाने, साफ-सफाई बनाए रखने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। कलक्टर ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को तय रूटों का निरीक्षण करने की बात कही।

'अग्निपथ योजना' के विरोध में उदयपुर जिला कांग्रेस ने किया सत्याग्रह

उदयपुर, । केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाई गई युवाओं के सपनों को कुचलने वाली अग्निपथ योजना के विरोध में उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को उदयपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं पदाधिकारियों ने जिला कलेक्ट्री के बाहर विरोध स्वरूप सत्याग्रह का कार्यक्रम रखा।

कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज अहमद शेख बताया कि कार्यक्रम के दौरानपूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास ने कहा कि केंद्र की अग्निपथ योजना सेना में भर्ती का जज्बा लिए देश के नौजवानों की भावनाओं के साथ खिलवाड एवं धोखा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सत्याग्रह के जरिए 'नौ रैंक, नौ पेंशन' वाली आर्मी भर्ती योजना के खिलाफ संघर्ष करती रहेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने बार-बार नौकरी की झूठी दिलासा देकर देश के युवाओं को बेरोजगारी के

उदयपुर में शहर जिला कांग्रेस द्वारा 'अग्निपथ योजना' के विरोध में कलेक्ट्री के बाहर सत्याग्रह किया।

अग्निपथ पर चलने के लिए मजबूर किया है। यह योजना किसी भी रूप में देश हित में नहीं है, युवाओं के हित में नहीं है। मोदी सरकार जल्द से जल्द इस योजना को वापस ले। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल शर्मा, डॉ. मधुसूदन शर्मा, पंकज शर्मा, सुरेश श्रीमाली, अविचल व्यास, केके शर्मा, जगदीश राज श्रीमाली, वीरेंद्र वैष्णव, दिनेश श्रीमाली, पूरण मेनारिया, राजकुमार श्रीमाली, रियाज हुसैन, कौशल आमेटा, नजमा मेवा फरोश, सीमा पंचोली, पार्षद फिरोज अहमद शेख, गौरव प्रताप सिंह, हिदायतुल्लाह, रेखा डांगी, गिरीश भारती, गोपाल राय नागर, विनोद जैन, मदन सिंह बाबरवाल, रविंद्रपाल कप्पू ,नेहा कुमावत, अजय सिंह, सुधीर जोशी, हरीश शर्मा, मो. अयूब, अमित पालीवाल सिद्धार्थ सोनी सहित कई पदाधिकारी व कांग्रेसजन मौजूद रहे।

कार ने लैब टेक्नीशियन को कुचला

डूंगरपुर। गत देर शाम एक तेज रफ्तार कार ने जिला अस्पताल के लैब टेक्नीशियन को टक्कर मार दी। लैब टेक्नीशियन घर के पास पैदल घूम रहा था। इस दौरान कार की टक्कर से वह सडक पर गिर गया और उसके सिर पर गंभीर चोटें आई। गंभीर हालत में उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर हादसे के बाद कार ड्राईवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के लैब टेक्नीशियन गजेंद्रसिंह पुत्र कालुसिंह निवासी पीठ हाल शिवाजी नगर देर शाम को घर के पास पैदल पैदल घूम रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उसको टक्कर मार दी।

गबन मामले की जांच की मांग

डूंगरपुर। राजस्थान एकाउण्टेण्ट एसोसिएशन संगठन के बैनर तले सोमवार को लेखा सेवा कार्मिको द्वारा अतिण् जिला कलक्टर को पत्र सौंपकर राउमावि चितरी के लिपिक हेमंत पाटीदार द्वारा किए गए 2.66 करोड रूपये की गबन के मामले में विस्तृत जांच कर इस प्रकरण मे दोषी कार्मिक को सख्त सजा देने की मांग रखी गई है।

जिलाध्यक्ष विजयपाल बामणिया ने बताया कि राउमावि चितरी ब्लॉक गलियाकोट में रु 2.66 करोड की राशि गबन के सबध में राजस्थान एकाउण्टेण्ट एसोसिएशन जिला डूंगरपुर के पास तथ्य है। जिस पर विस्तार से जांच कराई जाकर भविष्य मे राजकोष को होने वाली हानि से बचाया जा सकता है।

उन्होने बताया कि इस प्रकरण मे प्रधानाचार्य, राउमावि चितरी द्वारा दर्ज एफआईआर मे उनके द्वारा बताये गया है कि गत 14 जून 2022 से वो डीएससी व पासवर्ड उनके लिपिक हेमन्त पाटीदार से लेने का प्रयास कर रहे थे। 16 जून 2022 को उन्होने लिपिक पाटीदार को नोटिस भी दिया है। नोटिस की प्रति मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गलियाकोट को भी दी।

राजस्थान-सरकार

कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (वि.) राजसमंद

क्रमांक: एफ( )वाहन निलामी/भण्डार/2022-23/1030-1033 दिनांक: 27.06.2022

-: निलामी सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय कार्यालय का नकारा वाहन (जीप) RPE 9378 की निलामी इस कार्यालय परिसर में दिनांक 05.07.2022 को सुबह 11.00 बजे से गठित कमेटी की उपस्थिति में की जावेगी उक्त निलामी के क्रम में नियम/शर्ते राजकीय कार्य दिवस में कार्यालय समय में इस कार्यालय में आकर या दूरभाष नम्बर 9414660447 पर फोन से प्राप्त कर सकते है।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी समय निलामी रद्ध करने या स्थगित करने तथा नियमों/शर्तो में कोई भी परिवर्तन या संसोधन करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।

(संतोष कुमार दूरिया)
सहायक निदेशक कृषि (वि.)
राजसमन्द

विद्यार्थियों को आर.ओ. मशीन भेंट

उदयपुर/खेरवाड़ा, (निस)। स्व. प्रेमिला देवी पत्नी मोतीलाल कलाल भोमटावाडा की चतुर्थ पुण्यतिथी पर उनकी स्मृति में राउमावि भोमटावाडा में अनुशीतक (आर.ओ. मशीन) विद्यार्थियों हेतु भीषण गर्मी में शीतल जल की सुविधा पंडित भारत भूषण जोशी के मंत्रोच्चारण के साथ भेंट किया । जिसका उद्घाटन उदयपुर पूर्व विधायक नानालाल अहारी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर खेरवाड़ा सुंदर लाल भाणावत,सरपंच लक्ष्मी देवी अहारी, उपसरपंच विक्रांत कोठारी, भूपेन्द्र कलाल, आजाद कलाल, लोकेश बसेर, संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रकाश कलाल, अशोक कलाल, भंवरलाल कलाल, जयकुमार कलाल, शंकरलाल खराडी, धूलेश्वर वसोहर, मंडल अध्यक्ष भाजपा हेमंत मेहता, अमित कलाल, देहात जिला महामंत्री विमल कोठारी, प्रवक्ता प्रह्लाद भाटिया, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा बदामीलाल सुथार, वरिष्ठ अधिवक्ता के के मेहता,मुकेश टांक, सरपंच भोमटावाडा ओर अन्य लोग उपस्थित थे।

'खाद्य प्रतिष्ठानों के पंजीकरण को बढ़ावा देने लिए प्रभावी प्रयास'

उदयपुर जिले के झाडोल कस्बे में खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर आयोजित किया।

उदयपुर, । राज्य सरकार के शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों के पंजीकरण को बढावा देने लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे है। खाद्य आयुक्त सुनील शर्मा व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा के निर्देशन में सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा झाडोल कस्बे में खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के लिए आयोजित शिविर के खाद्य व्यापारियों ने पूरा उत्साह दिखाया। सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी ने बताया कि खाद्य व्यापारियों को एफएसएसए नियम 2006 की जानकारी देने एवं नवीन कारोबारियों को खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन जारी करने को लेकर आयोजित इस शिविर में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 24 आवेदन पंजीकरण व चार आवेदन लाइसेंस बनवाने संबंधी थे। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक गुप्ता ने व्यापारियों से संवाद करते हुए बिना पैकिंग के खुले मसाले व खाद्य तेल नहीं बेचने की अपील की। उन्होंने व्यापारियों को प्रतिष्ठानों पर खाद्य लाइसेंस के उचित जगह प्रदर्शन करने व स्वच्छता के साथ खाद्य सुरक्षा नियमों की पालना करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि नियमों की जानकारी के बावजूद कानून की अवहेलना होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

शिविर में 72 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

उदयपुर । जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक होम्योपेथी चिकित्सा महाविद्यालय एवं 10 राज बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कमांडिंग आफिसर कर्नल इन्द्रजीत सिंह घोषाल, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. गजेन्द्र माथुर, डॉ. अमिया गोस्वामी, मेजर अजय कुमार ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि हमारा एक छोटा सा प्रयास तीन व्यक्तियों की जिंदगी बचा सकता है, इसके लिए आमजन को भी जागरूक करना होगा। रक्तदान जीवन देता है जीवन बचाता है। किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान जरूरी है। उन्होने कहा कि रक्त ऐसी चीज है जिसे बनाया नही जा सकता। यह इंसान के शरीर में खुद ही बनता है। शिविर मे हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, रक्तचाप की जांच की गई।

प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र पानरवा, ब्लॉक: झाडोल जिला: उदयपुर

क्रमांक: 2022/86 दिनांक: 27/06/2022

निविदा सूचना

सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी पानरवा जिला उदयपुर पर 2022-23 में इस कार्यालय के चिकित्सा संस्थान पर 24/7 साफ सफाई व्यवस्था करने हेतु अधिकतम 20,000/- प्रतिमाह की दर से अनुभवी सेवाप्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा (तकनिकी व वितिय) आमंत्रित कि जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.06.2022 से 05.07.2022 को 12.00 बजे तक बेची जायेगी व तथा 05.07.2022 को 1.00 बजे प्राप्त की जाकर उसी दिन को दोपहर 02.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अवधि	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1.	24/7 साफ सफाई व्यवस्था	वार्शिक	2.40 लाख	4800/	200/

शर्ते :-
1. धरोहर राशि बैंकर्स चेक/डीडी द्वारा "सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी पानरवा के नाम से देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतू बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार समिति का रहेगा।

डॉ. मुकेश गरासिया
सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र- पानरवा

जनजाति अंचल को छात्रावास की सौगात

- 100 की क्षमता के छात्रावास के लिए 28 करोड रुपये देने की अनुशंषा की

उदयपुर, । मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनजाति अंचल में विद्यार्थियों के सर्वतोमुखी विकास की दृष्टि से जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के माध्यम से लगातार प्रयास किए जा रहे है। जनजाति क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा के साथ अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए जनजाति आयुक्तालय ने अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए 7 खेल छात्रावासों व ब्लॉक स्तरीय स्टेडियम की सौगात दी है।

सोमवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने जिले के 7 टीएसपी क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय स्टेडियम और 100 की क्षमता के छात्रावास के लिए 28 करोड रुपये देने की अनुशंषा की है। इसके तहत प्रत्येक ब्लॉक में 4.5 करोड रुपये की लागत से यह कार्य करवाए जाएंगे। आयुक्त भट्ट द्वारा की गई इस अनुशंषा के तहत टीएसपी क्षेत्र फलासिया, सायरा, कुराबड, नयागांव, जयसमंद, झल्लारा व सेमारी में 50 लाख रुपयों की लागत से खेल स्टेडियम व 4-4 करोड की लागत से छात्रावास स्थापित किया जाएगा ताकि इन क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को कौशल विकास की दृष्टि से उचित मंच प्राप्त हो सके।

कार्यशाला दौरान संभागीय आयुक्त ने खेल गांव के विस्तार की आवश्यकता जताई और जिला कलक्टर द्वारा यहां पर 8 करोड की लागत से एक अन्य हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्थापित करने के सुझाव पर कहा कि पूर्व में स्थापित हॉकी एस्ट्रोटर्फ के साथ ही दूसरा एस्ट्रोटर्फ बनाया जाना चाहिए।

साध्वी ऋतंभरा 7 अगस्त को निम्बाहेड़ा आएगी

निम्बाहेड़ा । परम पूज्य दीदी मां साध्वी रितंभरा हिंदू नेत्री एवं श्री राम जन्मभूमि अयोध्या आंदोलन की प्रणिता एवं अठाणी भूमिका निभाने वाली वात्सल्य ग्राम वृंदावन से 1 से 5 अगस्त उदयपुर, 6 अगस्त को डूंगरपुर, 7 अगस्त को निम्बाहेड़ा, 9 व 10 अगस्त को भीलवाड़ा प्रवास पर रहेगी।

निम्बाहेड़ा कार्यक्रम के सूत्रधार सीए गुणवंत लाल शर्मा, सुरेश अठावाल, पुष्कर सोनी, राधेश्याम शर्मा, अशोक शर्मा ने बताया कि साध्वी ऋतंभरा जी प्रथम बार निम्बाहेड़ा पधार रहे हैं, उनकी भव्य अगवानी एवं स्वागत करने एवं अधिक से अधिक उनके सेवा प्रकल्पो की जानकारी पहुंचाने के लिए नगर के सभी समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों, संस्थाओं एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक करने के साथ-साथ एक धर्म सभा का आयोजन करने हेतु तैयारियां की जा रही है ।

'एफपीओ में विविधता लाकर किसानों की आय बढाएं'

उदयपुर, । किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सशक्त बनाकर किसानों की आय बढाई जा सकती है ऐसे में अधिकारी एफपीओ में विविधता लाएं एवं किसानों की उन्नति हेतु निरंतर संभावनाएं तलाशें। यह बात जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एफपीओ की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक में कही। बैठक में कलक्टर ने एफपीओ के पंजीयन प्रमाण पत्रों वितरित कर प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही जिले में एफपीओ की वर्तमान स्थिति की ब्लॉकवार समीक्षा की।

कलक्टर ताराचंद मीणा ने वर्ष 2021-22 (दूसरे चरण) के लिए एफपीओ गठन हेतु 'उपज कलस्टर क्षेत्र' का चयन एवं अनुमोदन पर चर्चा की। बैठक में केन्द्रीय क्षेत्र योजना अंतर्गत जिले में कृषि आधारभूत संरचना निधि के तहत वित्तीय सुविधा पर चर्चा की। इस दौरान योजना के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु दिशा-निर्देश दिए। कलक्टर ने योजना का जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में आए अधिकारियों ने कलक्टर को जिले के अलग-अलग क्षेत्र की प्रमुख फसलों के बारे में जानकारी दी एवं किसानों की आय बढाने में एफपीओ के योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई। कलक्टर ने कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में प्रभावी रूप से कार्य करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने जोधपुर का उदाहरण देते हुए बताया कि जोधपुर कृषि प्रसंस्करण का हब बना है एवं वहां 500 से अधिक यूनिट कृषि प्रसंस्करण नीति अंतर्गत स्थापित हुए हैं। इसी प्रकार उदयपुर में भी उत्कृष्ट कार्य किया जा सकता है। कलक्टर ने कहा कि एफपीओ के जरिए किसान भाइयों को बीज, नेटवर्किंग, वित्तीय सहायता और तकनीकी मदद उपलब्ध कराएं।

कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: नविप्र/नियमन रिकार्ड/2022/1514 दिनांक:- 27.6.2022

आम-सूचना

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्डों का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	भुखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम	आवेदक का नाम/ पिता का नाम	मृतक का नाम/दस्तावेज
1.	15 (MUT NO-1696)	4365 वर्गफीट	मादड़ी पानेरियान खसरा नं. 809, 810	श्री नरपत सिंह भाटी पिता पिता श्री अमर सिंह भाटी	श्रीमती मधु कुमारी पत्नी श्री नरपत सिंह भाटी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 08.05.2018 एवं पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 24.05.2022
2.	10 (MUT NO-1113)	4365 वर्गफीट	आयड़ खसरा नं. 1382, 1383, 1389, 1391	श्री विमल जैन (लसोड) पिता श्री मांगीलाल जैन	श्रीमती विमला लसोड पत्नी श्री विमल जैन (लसोड) का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 02.12.2020 एवं अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 11.03.2017
3.	27 (MUT NO-1553)	1503.75 वर्गफीट	शोभागपुरा खसरा नं. 1292, 1293	श्री सविता कुमठ पत्नी स्व. श्री मनीष कुमठ, सुश्री लियान्सा कुमठ पुत्री स्व. श्री मनीष कुमठ, मीमासा कुमठ पुत्री स्व. श्री मनीष कुमठ नाबालिग जरिये संरक्षक माता श्रीमती सविता कुमठ पत्नी स्व. श्री मनीष कुमठ	श्री मनीष कुमठ पिता श्री ख्याली लाल कुमठ का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 02.05.2021
4.	02(MUT NO-1736)	2340 वर्गफीट	पारडा खसरा नं. 895	श्री गोपालकृष्ण दशोरा एवं श्री विमल दशोरा पिता स्व. श्री हीरालाल जी दशोरा	श्री विमला दशोरा पत्नी स्व. श्री हीरालाल जी दशोरा का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 30.10.2013
5.	09 (MUT NO-1591)	1867.3 वर्गफीट	उदयपुर शहर खसरा नं. 1600-1610 1890/1607	श्रीमती मीना कालरा पत्नी स्व. श्री अनिल कालरा एवं श्री बसन्त कालरा पिता स्व. श्री अनिल कालरा एवं सुश्री लविना कालरा पुत्री स्व. श्री अनिल कालरा	श्री अनिल कालरा पिता स्व. श्री चौईथ राम कालरा का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 20.04.2021

अत: उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तर पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज होतो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।

(कृष्णपाल सिंह चौहान, R.A.S.)
विशेषाधिकारी
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए खेल जरूरी: आयुक्त भट्ट

उदयपुर में जनजाति विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में विभाग स्पोर्ट्स कंसलटेंट ममता शर्मा को प्रमाण पत्र प्रदान करते संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट।

उदयपुर, । जनजाति अंचल के विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विभाग की ओर से लगातार नवाचार किये जा रहे है। इसी क्रम में सोमवार को जनजाति आयुक्तालय की ओर से जनजाति छात्रावास, खेल छात्रावास, विद्यालय एवं मां-बाडी केन्द्रों के विद्यार्थियों के लिए विशेष स्पोर्ट्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्याशाला की अध्यक्षता संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने की। जिला कलक्टर ताराचन्द मीणा, शिक्षा विभागीय अधिकारी, शारीरिक शिक्षक एवं अन्य विभागीय अधिकारी व प्रशिक्षक इस कार्यशाला से जुडे रहे।

संभागीय आयुक्त भट्ट ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए खेल जरूरी है। उन्होंने इस ऑनलाइन वर्कशॉप को बहुत उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे नवाचारों के माध्यम से पढाई के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में जनजाति प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला या प्रशिक्षण के दौरान जनजाति विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्द्धा करवा कर उन्हें मोटिवेट किया जा सकता है।

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत)
15ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली-110075

संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को कनिष्ठ व वरिष्ठ फेलोशिप प्रदान करने की योजना

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार संस्कृति से संबंधित प्रदर्शनकारी, रूपकर व साहित्यिक कलाओं तथा नए क्षेत्रों में शोध-उन्मुख परियोजनाओं के परिचालन हेतु कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अध्येतावृति के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

आवेदन-पत्र वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के लिए आमंत्रित किए जा रहे है, जो 28 जून, 2022 से प्रभावी होंगे। प्रत्येक वर्ष में दी जाने वाली कनिष्ठ अध्येतावृत्ति की संख्या क्रमशः 200 एवं वरिष्ठ अध्येतावृत्ति की संख्या भी 200 है। योजना का विवरण, आवेदकों हेतु निर्देश, योग्यता एवं शर्ते तथा आवेदन पत्र का स्वरूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र की निम्न वेबसाइटों पर उपलब्ध है-

www.indiaculture.nic.in
www.ccrtindia.gov.in

आवेदन- पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 27 अगस्त, 2022 है।
आवेदन- पत्र सिर्फ ऑन-लाइन माध्यम द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे।
DAVP-09127/12/0003/2223